नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के शहरी तृतीय घटक के तहत लाभुकों के लिए कार्यक्रम किया तय

# इस्लामनगर के विस्थापितों के 14 साल का इंतजार खत्म, 291 लाभुकों को आज मिलेगा आवास

रेहान अहमद। रांची

**शुभम संदेश ने 21 मई और 1 अक्टूबर को प्रकाशित की थी खबर, एक सप्ताह में दिखा खबर का असर**

- लाभुक नवनिर्मित आवासों के उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल
- पूरे इस्लामनगर में खुशी की लहर


शुभम संदेश
13 साल बीत गये उजड़े हुए, और कितना इंतजार करें विस्थापित


इस्लाम नगर के विस्थापितों के इंतजार में 14 साल गुजरे




पांच अप्रैल 2011 की खौफनाक घटना को इस्लामनगर वासी कभी भूल नहीं सकते हैं. इसी दिन जिला प्रशासन एवं रांची नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत गरीबों के बांस बल्ली के आशियाने को तिनका तिनका कर बिखेर दिया गया था.

यह अभियान दूसरे दिन छह अप्रैल को भी इस्लाम नगर में चला था. अभियान के तहत इस्लामनगर के 1175 से अधिक परिवारों का आशियाना उजड़ गया था. इस्लाम नगर के याचिकाकर्ता मो शकील ने कहा कि इस्लाम नगरवासियों के 14 साल के इंतजार के बाद नगर निगम की ओर से खुशियों का पैगाम आया है. 14 साल से धूम, आंधी, पानी बारिश का सितंब झेल झेलते विस्थावित किसी तरह अपनी जीविका चला रहे थे. उन्हें आशियाना मिलने वाला है. नगर निगम के अधिकारियों ने स्वयं आ कर बताया है. इस खबर से पूरे इस्लाम नगर में खुशी का माहौल है. मालूम हो 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तृतीय घटक के अंतर्गत इस्लाम नगर एएचपी के नवनिर्मित आवासों का उद्घाटन धुर्वा स्थित रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में तय की गई है. नगर निगम के सहायक प्रशासक के अनुसार सोमवार को दोपहर 12 बजे आवंटित लाभुक आवास उद्घाटक कार्यक्रम में भाग लेंगे. मालूम हो दैनिक शुभम संदेश में इस्लामनगर वासियों की पीढ़ा की खबर 21 मई और उसके बाद फिर 1 अक्टूबर को प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की गई थी. खब के दो बार उजागर करने से महज सातवे दिन इस्लामनगरवासियों को निर्मित फ्लैट के लिये आवंटित लाभुकों को आवास उद्घाटक कार्यक्रम में सोमवार 7 अक्टूबर को भाग लेंगे के लिये कहा गया है. आवास मिलने की खुशी से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है.

इस्लामनगर में ही तीन एकड़ जमीन पर 33 करोड़ की योजना राशि से जी प्लस थ्री मल्टीस्टोरिज बिल्डिंग तैयार की गई है. यहां 291 लोगों के लिये फ्लैट तैयार है. ये चिन्हित लाभुकों को दिये जायेंगे. वहीं चिन्हित 153 विस्थापितों को दूसरे फेज में आवास उपलब्ध कराया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### डॉ. मनोहर बने आईएसजी बिहार-झारखंड के प्रेसिडेंट



**रांची।** इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी की गर्वनिंग बॉडी की बैठक रविवार को रांची में संपन्न हुई. बैठक में सोसाइटी को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई. इस दौरान नई कमेटी का चयन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रिम्स के डॉ. मनोहर लाल प्रसाद को इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी बिहार-झारखंड चैप्टर का प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया. डॉ. आशीष कुमार झा को प्रेसिडेंट इलेक्ट, डॉ. विजय शंकर को वाइस प्रेसिडेंट, डॉ. संजीव कुमार झा को सेक्रेटरी, डॉ. रवि कांत व डॉ. रविश को ज्वाइंट सेक्रेटरी और डॉ. सौरभ जायसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया.

### लोहरा समाज सरकारी योजनाओं से वंचित

**रांची।** मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता केंद्रीय समिति के अध्यक्ष ठुमा तिर्की ने की. बैठक में कहा गया कि जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा है. इससे आदिवासी लोहरा समाज को शिक्षा और सरकारी नौकरियों से वंचित होना पड़ रहा है.अबुआ आवास योजनाओं का लाभ भी नही मिल रहा है. सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से वंचित होना पड़ रहा है. मौके पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता देवी, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, संरक्षक महादेव लोहरा, कांके प्रखंड अध्यक्ष अनूप लोहरा, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष क्लेश लोहरा, राकेश लोहरा, संजू लोहरा, सूरज लोहरा, कर्मी देवी समेत अन्य शामिल थे.

### जू. महिला हॉकी: दिल्ली व बंगाल को मिली जीत

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में रविवार को दो मैच खेले गए. पहला मैच दिल्ली और पुदुचेरी के बीच खेला गया. इसमें दिल्ली ने पुदुचेरी को 2-1 से पराजित किया. इस मैच में हॉकी दिल्ली की अंशिका को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. दूसरा मैच हॉकी बंगाल और हॉकी बिहार के बीच खेला गया, जिसमें हॉकी बंगाल ने हॉकी बिहार को 9-1 से हराया. इस मैच में हॉकी बंगाल की सेलेस्तिना होरो को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला. सोमवार को चार क्वार्टरफाइनल मैच खेले जाएंगे.

कांग्रेस पार्टी ने प्रमंडलों में जनसंवाद अभियान के तहत की सभा

# हमारी सरकार का काम बोल रहा है: केशव महतो

- विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है
- सरकार के कार्य कांग्रेस की नीतियां लोगों तक पहुंच रही

विशेष संवाददाता। रांची


जनसंवाद के कार्यक्रम के दौरान मंचासीन कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता.

विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. रविवार को पार्टी के जनंसवाद अभियान-लक्ष्य 2024 के तहत विभिन्न प्रमंडल में प्रमंडल प्रभारियों ने सभाएं की. कोल्हान प्रमंडल में जमशेदपुर पूर्वी व पश्चिमी विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के बेरमो व गिरिडीह में चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय सिमरिया व बड़कागांव में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पलामू प्रमंडल के पांकी विधानसभा में विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लोहरदगा व खिजरी में डॉक्टर प्रदीप कुमार बलमुचू द्वारा सभाओं के माध्यम से आम जनता के साथ संवाद किया गया.

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पार्टी इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के कार्य और कांग्रेस की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का हम काम कर रहे हैं. भाजपा के सभी नेता गठबंधन सरकार के सामने बौने पड़ गए हैं. गठबंधन सरकार के नेता नहीं बल्कि सरकार का काम बोल रहा है, जो जनता के दिलों में छप गया है. आगामी विधानसभा चुनाव में जो भी कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे, उन्हें विजयी बनाने की जिम्मेदारी आपकी है. समय कम है सरकार की उपलब्धियां खासकर कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के विभाग द्वारा कोरोना काल में किए गए कार्य उल्लेखनीय है. इतने ही कम समय में हमें इन उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाना है. उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से हम लोकसभा में सशक्त विपक्ष के रूप में आए हैं और राहुल के नेतृत्व में भाजपा को नाको चने चबवाने का काम हमने किया है. झारखंड से भाजपा को खदेड़ना है, उनकी विभाजनकारी सोच को अमन पसंद झारखंड से दूर रखना है.

### वोट के सौदागर झोला लेकर घूम रहे हैं, मगर जनता बोरिया-बिस्तर समेटने को तैयार बैठी है : शांति

परिवर्तन यात्रा भाजपा का भ्रष्टाचारी पुण्य आत्माओं को खोजने का अभियान था, जो उसने पूरा किया. धीरे-धीरे उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी. यह बातें प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कही. उन्होंने जारी एक बयान में कहा कि झारखंड में वोटो के भाजपाई सौदागर झोला लेकर घूम रहे हैं, जिसमें झूठे आश्वासन और नकलची घोषणाएं भरी हुई हैं. लेकिन जनता उनकी ओर देख भी नहीं रही है. भाजपा के कुकर्मों के कारण हरियाणा और जम्मू कश्मीर की जनता ने इन्हें सत्ता से दूर रखा है, सिर्फ परिणाम की औपचारिक घोषणा बाकी है. औद्योगिक घरानों के इशारे पर किसानों और जवानों के खिलाफ नीतियां बनाने वाली भाजपा पूरे देश में हाशिये पर जा रही है. 10 वर्ष तक हरियाणा में लूट खसोट मचाने वालों को भाजपा झारखंड में जल्द उतारेगी, ताकि यहां के संसाधनों पर कब्जा जमाने के लिए सत्ता हासिल कर सके, लेकिन झारखंडी मानुष यहां से भाजपा का बोरिया बिस्तर समेटने को तैयार बैठी है.



**विधानसभा चुनाव:** बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में चुनाव समिति की बैठक

# भाजपा प्रत्याशियों के नामों पर हुई चर्चा

ससंवाददाता। रांची

### प्रत्याशी, प्रबंधन और अभियान पर हुई चर्चा: बाउरी

भाजपा प्रदेश चुनाव समिति की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा प्रदेश चुनाव समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमे चुनाव अभियान को प्रभावी बनाने, चुनाव प्रबंधन को सफलता पूर्वक चलाने के साथ प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा हुई.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में रविवार की शाम चुनाव समिति की बैठक संपन्न हुई.

बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम सरकार के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा के अलावा मनोज सिंह, बालमुकुंद सहाय, रविंद्र कुमार राय, समीर उरांव, सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, गणेश तिवारी, श्यामनारायण दुबे, विद्युत वरण महतो, आरती सिंह, केदार हाजरा आदि शामिल हुए. बैठक में घंटों मंथन किया गया. हालांकि अधिकृत रूप से इस संबंध में पार्टी की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है. सूत्रों के मुताबिक बैठक में तय किया गया कि चुनाव जिताऊ प्रत्याशियों को प्रमुखता दी जाएगी.

**नामों को लेकर लगने लगे कयास :** जानकारी के मुताबिक, बैठक में राज्य भर से रायशुमारी के आधार पर हर विधानसभा सीट से मंगाए गये तीन- तीन नामों पर चर्चा हुई. करीब चार दर्जन सीटों ( एसटी सीटों के अतिरिक्त ) के लिए दावेदारों के नाम पर विचार विमर्श चला. यह भी बात बताई जा रही है कि जो नाम आए हैं, उन्हें वरीयता क्रम के हिसाब से दिल्ली भेजा जाएगा और वहीं से कोई एक नाम अलगअलग सीटों के लिए फाइनल होगा. दिल्ली से नाम तय होते ही सार्वजनिक तौर पर इसकी घोषणा कर दी जाएगी. संभव है कि अगले एक सप्ताह दस दिनों में शायद पहली सूची जारी हो जाए.

# सरला बिरला स्कूल में फैशन प्रतियोगिता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल छात्रों के लिए फैशन फ्यूचरिस्टा और साउंडस्केप प्रतियोगिता आयोजित की गयी. प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था. फैशन फ्यूचरिस्टा में छात्रों ने इको-फ्रेंडली यानी पर्यावरण के अनुकूल चीजों का इस्तेमाल करके अपने प्रॉप्स और कपड़े खुद बनाये. उन्होंने अपनी कला और कल्पना का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता को खास बना दिया. साउंडस्केप में छात्रों बीटबॉक्सिंग की और रोजमर्रा प्रयोग की जाने वाली घरेलू वस्तुओं से संगीत बनाया. प्रिंसिपल परमजीत कौर ने छात्रों की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि आपने जीवन में पर्यावरण की रक्षा और रचनात्मक जीवनशैली को समझा और इसे अपनाने के लिए रचनात्मक विचारों के साथ सामने आये, जो आज के समय की बहुत बड़ी जरूरत है.

सोशल मीडिया अभियान के समर्थन में उतरे बाबूलाल व अमर बाउरी

# कैंसिल जेएसएससी सीजीएल 'एक्स' पर कर रही है ट्रेंड

संवाददाता। रांची

छात्रों द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने को लेकर ट्वीटर अभियान चलाया जा रहा है. इसपर अबतक चार लाख से अधिक लोगों ने पोस्ट किया है. वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी छात्रों के समर्थन में आगे आ गए हैं. नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने ट्वीट कर कहा है कि 40 हजार से अधिक पोस्ट के साथ पूरे देश में सातवें नंबर पर कैंसल जेएसससी सीजीएल ट्रेंड कर रहा है. आगे लिखा है कि मुख्यमंत्री से राज्य के युवा पूछ रहे हैं कि बेरोजगारी भत्ते का क्या हुआ, 5 लाख नौकरियों का क्या हुआ, कदाचार मुक्त परीक्षाओं का क्या हुआ और परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के जांच का क्या हुआ.

### बेरोजगारों की चीख पुकार सुनिए: बाबूलाल

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि हेमंत जी नींद से जागिए. सत्ता के अहंकार का त्याग करिए. मेरी न सही इन छात्रों, युवाओं और बेरोजगारों की चीख-पुकार सुनिए. वरना यही युवा आक्रोश चुनाव में आपकी पार्टी का सुफड़ा साफ कर देगी.

**तीन सदस्यीय कमेटी कर रही है जांच:** गड़बड़ियों की जांच के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है. कमेटी गड़बियों की शिकायतों की जांच कर रही है. बताते चलें कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के 823 केंद्रों पर हुई थी. इसमें विभिन्न विषयों के 180 प्रश्नों को रिपिट करने की शिकायत की गई है. साथ ही 22 सितंबर को परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक का भी आरोप छात्रों ने लगाया है. झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग ने सात अक्तूबर को अपराह्न तीन बजे तक सभी शिकायतकर्ताओं से आयोग को सौंपे गए सबूत की सत्यता और प्रमाणिकता संबंधी शपथ पत्र के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया है.

# घरेलू कामगारों के लिए नये कानून को लेकर प्रदर्शन आज

संवाददाता रांची



घरेलू कामगारों के लिए देश में नये कानून लागू कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय घरेलू कामगार मंच की ओर से 7 अक्टूबर को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा. यह जानकारी रविवार को सत्यभारती में मंच की ओर से मीडिया को दी गयी. जानकारी देनेवालों में मंच की प्रतिनिधि सिस्टर अंशु तिग्गा, आशा देवी, रेणु लिंडा, अनिपा देवी, निधि भुटकुमार, प्रियंका तिर्की, मंजु बाड़ा, किरण देवी, सुनीता तिग्गा, स्वर्णलता देवी शामिल थीं. उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शन इसलिए किया जा रहा है कि घरेलू कामगारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करायी जा सके. इसके साथ ही काम करने वाली महिलाओं को सम्मान मिल सके.

उन्होंने कहा कि जितनी भी महिलाएं दूसरे के घरों में काम करती हैं, उन्हें उचित सम्मान नहीं मिलता है. उचित पैसे भी नही दिये जाते. सुबह से शाम तक काम करती हैं, लेकिन भी उन्हें हीनभावना से देखा जाता है. उसके लिए अलग बर्तन दिया जाता है, जबकि घर को साफ से सुथरा करने में घरेलू कामगारों का अहम योगदान होता है. वे बर्तन धोने, झाड़ू. पोंछा करने से लेकर बच्चा खेलाने तक का काम बारीकी से करती हैं. इसके बाद भी समाज में ताई के नाम से ही पुकारा जाता है.काम में देरी से पहुंचने पर भी लोग ताने मारते हैं. जिस घर में काम करने जाती है. वहां पहचान नहीं मिलती है. गलत निगाहों से देखा जाता है. कार्यस्थल पर छेड़खानी भी होती है. राज्य स्तर पर घरेलू कामगार के लिए अलग से कानून बनाया जाए, ताकि पुलिस थानों में मामला दर्ज कराया जा सके और निर्भय होकर काम कर सके.

### ये हैं इनकी मांगें

- घरेलू कामगारो के श्रम को सम्मान दिया जाए.
- घरेलू कामगारों को उचित वेतन मिलना चाहिए.
- साप्ताहिक छुट्टीऔर सालाना अवकाश दिया जाए.
- सामाजिक सुरक्षा और मातृत्व लाभ दिया जाए.
- रहने और खाने की उचित व्यवस्था दी जाए.
- घरेलू कामगारो के लिए राज्य स्तरीय अलग कानून बनाया जाए.

**पहल** रांची सिटीजन फोरम ने वार्ड समिति का गठन किया, फोरम का काम है चर्चा, संवाद कर जागरूकता लाना

# रांची सिटीजन फोरम ने 53 वार्ड में बनाये वार्ड संयोजक और सहसंयोजक

संवाददाता। रांची


कार्यक्रम के दौरान रांची सिटीजन फोरम के लोग.

रांची सिटीजन फोरम ने राजधानी के 53 वार्ड क्षेत्र में वार्ड समिति का गठन किया है. इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड से एक वार्ड संयोजक और सहसंयोजक का चयन किया गया है. कई वार्डों में जहां से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, वहां पर वार्ड समिति सदस्यों का भी चयन किया गया, यह जानकारी रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने दी. चयनित वार्ड संयोजक, सहसंयोजक और वार्ड समिति के सदस्यों को उनकी जिम्मेवारियों से अवगत करा दिया गया है.

- **जिनका किया गया चयन :** वार्ड 1 में राजेश कुमार,वार्ड 2- अजय कुमार सिन्हा और राहुल शेखर, वार्ड 3- निशांत चौहान, नीरज वर्मा, और संदीप कुमार, वार्ड 4- राकेश कुमार, सोनू कुमार, और विक्रम कुमार तिवारी, वार्ड 5- मनीष बक्शी,वार्ड 6- जय रंजन कुमार उर्फ रणधीर रजक, मिथिलेश कुमार, मोहन प्रसाद वर्मा, और सुजीत कुमार,वार्ड 7- अमरनाथ चौबे, वार्ड 8- संजीत कुमार, और शेखर कुमार, वार्ड 9- प्रमोद कुमार, वार्ड 16- मोहम्मद शकील, और मोहम्मद मंसूर, वार्ड 17- प्रविंद नाथ तिवारी, वार्ड 20- मीना कुमारी, वार्ड 23- मोहम्मद हसन, वार्ड 27- रंजीत कुमार, वार्ड 28- बजरंग लाल चौधरी, और अनिल कुमार बरनवाल, वार्ड 30- पंकज कुमार शर्मा, और शशांक कुमार, वार्ड 31- प्रदीप कुमार सिंह, वार्ड 32- अभिषेक कुमार गुप्ता, और अमित कुमार भगत, वार्ड 33- बृजमोहन ओझा, वार्ड 34- बबलू कुमार, और विकास कुमार सिंह, वार्ड 37- रोहित इंदवार, वार्ड 38- प्रिय रंजन, और जितेंद्र कुमार सिंह, वार्ड 39- संतोष कुमार, वार्ड 40- अरविंद कुमार सिंह, दीपक श्रीवास्तव, और राधेश्याम कुमार, वार्ड 41- अनिरुद्ध कुमार, और डॉ अनुरंजीता सिंह, वार्ड 46- रवि शंकर, और आशीष कुमार, वार्ड 49- मोहम्मद शाहिद अली, वार्ड 50- रामरूप पांडेय, ललितेश्वर कुमार, और सुरेंद्र प्रसाद शर्मा, वार्ड 51- विनय प्रकाश, और राजीव कुमार धर, और वार्ड 52 में दीपक कुमार का चयन किया गया.

### क्या होगा काम

चयनित वार्ड संयोजक, सहसंयोजक और वार्ड समिति के सदस्य मिलकर अपने वार्ड के विकास के लिए काम करेंगे. रांची सिटीजन फोरम चर्चा, संवाद और जागरूकता अभियान चलाएगा. इसका काम अपने-अपने वार्ड में अभायिन को धरातल पर उतारने में फोरम का सहयोग करेंगे.

# यूपी के सीएम का पुतला फूंका



संवाददाता। रांची

झारखंड एनएसयूआइ के तत्वावधान पर रविवार को रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई नेत्री तनु सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंका गया. प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा की मोदी योगी सरकार छात्र, युवा, महिला विरोधी है. आईआईटी बीएचयू में हुए गैंगरेप पीड़िता के लिए न्याय की मांग और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे बीएचयू के 13 छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार के इशारे पर बीएचयू प्रशासन द्वारा निलंबित करना निंदनीय है, यह तानाशनी रवैया है, उनका निलंबन तत्काल हटाया जाए. विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अभिजीत प्रताप सिंह, प्रदेश सचिव हुसैन अंसारी, सोनू सिंह, शाहबाज आलम, महताब, मुदस्सिर, प्रियांशु, शिवम, राम, रजनीश, अंजनी शर्मा आदि शामिल थे.

# तीन पूजा पंडालों के खुले पट, जगमग हुई राजधानी


बांग्ला स्कूल में उतर आया है एक टुकड़ा राजस्थान
फोटो । रमीज

राजन बॉबी । रांची

- रंग-बिरंगी लाइट से रोशन चकरी काटते कई तरह के झूले और लजीज व्यंजनों के स्टॉलो का अलग ही आकर्षण रहेगा.

राजधानी में दुर्गोत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो गयी है. शहर के सभी पूजा पंडाल बन कर तैयार हैं. कारीगर और मूर्तिकार साज-सज्जा के काम को फाइनल टच देने में लगे हैं. रविवार को तीन प्रमुख पूजा पंडालों के पट आम भक्तों के लिए खोल दिये गए. सोमवार को लगभग सभी पूजा पंडालों के पट खुल जायेंगे. सोमवार षष्ठी से चहुंओर दुर्गोत्सव का उल्लास छा जाएगा. आस्था के सैलाब से शहर का कोना-कोना डूब जाएगा. श्रद्धालु जहां श्रद्धाभाव से मां का दर्शन कर आशीष मांगेंगे, वहीं मनोहारी पंडाल और आकर्षक विद्युत सज्जा उन्हें लुभाएगी. पूजा स्थलों पर लगाए गए मेले के तो क्या ही कहने. रंग-बिरंगी लाइट से रोशन चकरी काटते कई तरह के झूले और लजीज व्यंजनों के स्टॉलो का अलग ही आकर्षण रहेगा.

**ओसीसी क्लब** दुर्गा पूजा समिति, बांग्ला स्कूल में एक टुकड़ा राजस्थान उतर आया है. यहां राजस्थानी कला शैली के खूबसूरत नजारे के बीच मां देवी-देवताओ संग आभा बिखेर रही हैं. शाम सात बजे गुरुनानक होम के बच्चो के हाथो अनावरण करा कर आम भक्तों के लिए खोल दिया गया. ढोल-ढांक और शंख ध्वनि के की स्वरलहरियों के बीच मारवाड़ की खूबसूरत कलाकृतियों से सजे भव्य दरबार में मां का दर्शन पा कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए. बच्चों और बड़ों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कई तरह के छोटे-बड़े झूले और खाने-पीने के स्टाल भी लगाए गए हैं. समिति के राजेश कुमार ने बताया कि विजयादशमी तक पूजा पंडाल का पट खुला रहेगा.

### आज इनका खुलेगा पट

आरआ स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड, पंच मंदिर हरमू, राजस्थान मित्र मंडल सेवासदन पथ, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति मेन रोड, नेताजी नगर दुर्गापूजा समिति कांटाटोली, अरगोड़ा दुर्गा पूजा व रावण दहन समिति, गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति मोरहाबादी, महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति शिवाजी चौक बूटी मोड़ आदि पूजा पंडालो के पट सोमवार को खुलेंगे. नवरात्र महाषष्ठी मंगलवार की शाम सत्य अमर लोक हरमू रोड, शक्ति स्रोत संघ गाड़ी खाना, बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी रोड, संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी रोड सहित सभी पूजा पंडालो के पट आम भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे.

## दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, मांगी मां दुर्गा से मन्नत, आज शाम खुल जाएंगे लगभग सभी पूजा पंडालों के पट, ... और हर ओर छा जाएगा दुर्गोत्सव का उल्लास

### बकरी बाजार में साकार हुआ मां का स्वरूप

- पर्दा हटते ही राजस्थानी कलाकृति से सुसज्जित महल में अन्य देवी-देवताओं के संग मां दुर्गा का मनोहारी स्वरूप साकार हो गया

भारतीय युवक संघ बकरी बाजार का पट नवरात्र चतुर्थी तिथि पर ही आम भक्तो के लिए खोल दिया गया. शाम छह बजे 40 धार्मिक और सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों की उपस्थिति में समिति के दिवंगत संरक्षकों की पत्नियों ने दीप प्रज्वलित कर पंडाल का अनावरण किया. पर्दा हटते ही राजस्थानी कलाकृति से सुसज्जित महल में अन्य देवी-देवताओं के संग मां दुर्गा का मनोहारी स्वरूप साकार हो गया. साथ ही राजस्थानी नृत्य-गीत का रंगारंग कार्यक्रम पेश कर कलाकारों ने उद्घाटन समारोह को और भी भव्य बना दिया. मौके पर पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय और अन्य गणमान्यों के साथ विविध संस्थाओं के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया. उमड़े दर्शनार्थियों ने मां के दर्शन के साथ चकाचक रोशनी से दमकते पूजा स्थल में कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टालो का भी लुत्फ उठाया. अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि 12 अक्टूबर विजयदशमी तक भक्ति का मेला लगा रहेगा.



मां के दरबार के समक्ष नृत्य करतीं राजस्थानी कलाकार और दर्शनार्थी.

### रांची रेलवे स्टेशन में योग मुद्रा में हो रहा मां का दर्शन

रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का पट शाम छह बजे खुला. विधायक सीपी सिंह ने पंडाल का अनावरण किया. पट खुलते ही दर्शनार्थियो ने योग मुद्रा में मां का दर्शन कर आशीष मांगा. साथ ही कोयंबटूर के भगवान आदियोगी मंदिर की तर्ज पर 50 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा उन्हें लुभाती रही. भक्तों को लेजर शो का मनमोहक नजारा भी देखने को मिला. अब यहां विजयदशमी तक दुर्गोत्सव का उल्लास रहेगा. कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टाल भक्तों को लुभाएंगे. अध्यक्ष मुनचुन राय ने बताया कि 13 अक्तूबर को विसर्जन शोभायात्रा के साथ स्थानीय तालाब में मां का विसर्जन किया जाएगा.

## ब्रदर्स एकेडमी ने लॉन्च की गणित की द्विभाषी पुस्तक



संवाददाता । रांची

आईआईटी-जेईई कोचिंग में अग्रणी संस्थान ब्रदर्स एकेडमी ने आईआईटी-जेईई की तैयारी के लिए शुक्रवार को एक द्विभाषी गणित पुस्तक लॉन्च की, जो आईआईटी-जेईई मेन और एडवांस्ड तैयारी के लिए प्रसिद्ध गणितज्ञ संदीप तिवारी द्वारा लिखी गई है. आईआईटी-जेईई कोचिंग में 15 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ संदीप तिवारी ने 10 साल पहले ब्रदर्स अकादमी में गणित संकाय के रूप में शामिल होने से पहले कोटा और दिल्ली में पढ़ाया है. यह अग्रणी पुस्तक आईआईटी-जेईई की तैयारी में मील का पत्थर है. यह पुस्तक पूरी तरह से आईआईटी-जेईई मेन और एडवांस्ड पर केंद्रित है. प्रश्न अंग्रेजी में हैं, जबकि सिद्धांत और उत्तर हिंदी और अंग्रेजी दोनों में समझाए गए हैं. आईआईटी-जेईई मेन और एडवांस्ड के लिए अलग-अलग अभ्यास प्रदान किए जाते हैं, जिससे दोनों परीक्षाओं के उम्मीदवारों को लाभ मिलता है. संदीप तिवारी ने ब्रदर्स अकादमी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर के साथ ही सहकर्मियों सौरभ सिंघानिया (सीएसएस) और अमित जिंदल (पीएजे) के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया. लेखक ने कहा कि मैं इस पुस्तक के साथ आईआईटी-जेईई समुदाय में योगदान करने के लिए रोमांचित हूं. ब्रदर्स अकादमी का समर्थन और मेरे सहयोगियों का प्रोत्साहन अमूल्य रहा है. मुझे उम्मीद है कि यह पुस्तक उम्मीदवारों को अपने सपनों को हासिल करने के लिए सशक्त बनाएगी. यह पुस्तक अब अमेजन, फ्लिपकार्ट और रांची के प्रमुख बुकस्टोर्स पर उपलब्ध है.

### मां भवानी दुर्गा पूजा समिति संभालेगी सुरक्षा का कमान

**रांची।** गाड़ीखाना सामुदायिक केंद्र में रविवार को मां भवानी दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई. इसमें दुर्गोत्सव के मौके पर सुरक्षा को लेकर अहम योगदान देने के निर्णय लिया गया. साथ ही दर्शनार्थियों को हरसंभव सेवा और सहयोग देने को लेकर विचार-विमर्श किया गया. आम सहमति बनी कि पूजनोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में युवा पुलिस प्रशासन के साथ मिल कर विधि व्यवस्था संभालेंगे. सुगमता पूर्वक यातायात व्यवस्था बहाल रखने के साथ सुरक्षा को लेकर भी सजग रहेंगे. रांची महानगर के अध्यक्ष रौनक राजपूत ने बताया कि इसके लिए 1100 से अधिक युवाओं ने समिति की ओर से योगदान देने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है. सभी को पंजीयन कार्ड दिया गया है. उन्होंने बताया कि सदस्यता कार्डधारी युवाओं की तैनाती सभी पूजा पंडालो में की जाएगी.

## डोली पर मंदिर जाएंगी मां दुर्गा, 1880 से निभायी जा रही परंपरा

# बड़कागढ़ में पत्तों से बनी मां की प्रतिमा का होगा दर्शन

संवाददाता । रांची

बड़कागढ़, जगन्नाथपुर में दर्शनार्थी इस बार भी पत्तों से बनी मां की प्रतिमा का दर्शन करेंगे. यहां पत्तों से निर्मित प्रतिमा की पूजा की जाती है. प्रतिमा गढ़ने में मानपत्र, बेलपत्र, अशोक, अनार, बरगद और पाकड़ के पत्तों का प्रयोग होता है. अशोक के पत्ते से मां की जीभ बनती है. शहीद विश्वनाथ शाहदेव राजघराने की ओर से वर्ष 1880 से इस परंपरा का निर्वह्न निर्बाध रूप से किया जा रहा है. इस बार भी चकाचौंध से हटकर सादगी पूर्व दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है. सभी जाति और धर्म के लोग बढ़-चढ़ कर पूजा में हिस्सा लेते हैं. इससे गंगा-यमुनी संस्कृति जीवंत हो उठती है. परंपरानुसार अन्य देवी-देवताओं के साथ चिंतामणि की भी पूजा होती है. मां चिंतामणि शाहदेव परिवार की इष्ट देवी भी है. नवरात्र षष्ठी तिथि मंगलवार को बेलवरण के साथ ही देवी घर में पूजन-अनुष्ठान शुरू हो जायेगा, लेकिन सप्तमी को मां चिंतामणि और पत्रिका से बनी मां भवानी की प्रतिमा को डोली में विराजमान कर शोभायात्रा के रूप में श्रद्धालु मंदिर में स्थापित करेंगे. इसके बाद विजयदशमी तक यहां विधि-विधान से पूजा पूजन-अनुष्ठान चलेगा. इसमें ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लेंगे. राज पुरोहित सदन गोपाल शर्मा पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराएंगे. विजयदशमी को पत्तों से बनी प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा.



**पूजन-अनुष्ठान के कार्यक्रम :** महाषष्ठी 08 अक्तूबर को शाम 07:00 बजे बेलवरन पूजा, महासप्तमी पूजा 09 अक्तूबर दिन के 10:00 बजे. मां भगवती चिंतामणि को ऐतिहासिक ठाकुर निवास बरकागढ़ से प्राचीन देवी घर जगन्नाथपुर चौक के लिए प्रस्थान. महाअष्टमी 10 अक्तूबर को दिन के 10:00 बजे हवन-पूजन, महानवमी पूजा दिन के 11:00 बजे. 11 अक्तूबर को संधि पूजा सुबह 06:52 बजे और महानवमी पूजा दिन के 11:00 बजे. रात्रि में निशा पूजा 08:00 बजे से. महादशमी पूजन दिन के 09:00 बजे से. इसके बाद हवन विसर्जन, मां भगवती चिंतामणि को वापस प्राचीन देवी घर से ठाकुर निवास लाया जाएगा.

**अंग्रेजों ने तोप से उड़ा दिया था घर :** ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने बताया कि जब अंग्रेजों ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के घर (चिरनागढ़ हटिया) को तोप से उड़ा दिया था, तब ठाकुर विश्वनाथ जी की धर्मपत्नी ठाकुरानी बानेश्वरी कुंवर ने अपने एक मात्र पुत्र ठाकुर कपिल नाथ शाहदेव (1 वर्ष आयु) को लेकर खोरा जंगल में छिप गयी थीं. उस समय अपने साथ मां की प्रतिमा और पांच नगाड़े भी लेकर गए थे. 1874 ई में ठाकुरानी अंग्रेजों के समक्ष आई और अपना रियासत वापस करने की मांग की. ठाकुर कपिल नाथ शाहदेव 12 साल के हो गए थे, अंग्रेजों ने रियासत वापस नहीं की, लेकिन ठाकुरानी और उनके पुत्र के रहने के लिए जगन्नाथपुर में एक खपरैल का मकान, मंदिर के पास बना दिया. तब से यह भगवती मां चिंतामणि की पूजा पूरे साल ऐतिहासिक ठाकुर निवास पर ही होती हैं और शरद, चैत्र नवरात्र में मां भगवती चिंतामणि की पूजा प्राचीन देवी घर में किया जाता हैं.

### बलि के कारण दूसरी ओर बनाया गया देवी घर

ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव( पिता स्व. ठाकुर नवीन नाथ शाहदेव ठाकुर बडकागढ एस्टेट) बताते हैं कि ऐतिहासिक ठाकुर निवास जगन्नाथपुर (जगन्नाथ महाप्रभु का क्षेत्र) में पुरुषोत्तम क्षेत्र होने के कारण बलि नहीं हो सकती हैं. इस कारण आनी मौजा में ऐतिहासिक प्राचीन देवी घर में मां भगवती की पूजा प्रारंभ की गयी, जहां मां की पूजा में बलि दी जाती हैं, इस कारण देवी घर का निर्माण 1880 में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की धर्मपत्नी ठकुरानी बानेश्वरी कुंवर ने प्राचीन देवी घर की स्थापना की.

## दुर्गा पूजा पर सारे फल हुए महंगे, व्रतियों की बढ़ी दिक्कत

- हिमाचल, कश्मीर, चायना, अमरिका, अफरिका के सेब, अनार, अंगूर, केला बिक रहें राजधानी के बाजार में

रेहान अहमद । रांची

दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान पूजा अर्चना में फलों का भी विशेष महत्व होता है. इस लिए राजधानी के थोक व खुदरा फल विक्रेताओं ने एक से बढ़ कर एक फलों का समूह दुर्गा पूजा के अवसर पर एकत्रित किया है. मांग की वजह से फल महंगे भी बिक रहे हैं. मेन रोड डेली मार्केट के विक्रेता इरफान अख्तर व मो शमीम ने बताया कि पूजा के लिए फलों की मांग बढ़ जाती है. इस कारण फलों के भाव भी बढ़ गये हैं.

एक माह पूर्व फलों के भाव में गिरावट थी. लेकिन इस समय कुछ महंगे हुए हैं. वहीं हरमू थोक डेली मार्केट के व्यपारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा पर अबतक सेब 22 गाड़ी, केला 18 गाड़ी, संतरा 16 गाड़ी पूरी मंडी में आए हैं. इस समय सेब 150 से 450 रुपए, केला 50 से 700 रुपए, संतरा 500 से 650 रुपए थोक बाजार में बिक रहे हैं. सारे माल कश्मीर, बंगाल और महाराष्ट्र से आ रहे हैं. नवरात्र के दौरान फलों के दाम बढ़ने से व्रतियों को दिक्कतें हो रही हैं. महंगाई के चलते आम लोग बड़ी मुश्किल से फलों की खरीदारी कर रहे हैं.

| खुदरा फल | प्रति किलो दर | कहां के | एक माह पूर्व दर |
|---|---|---|---|
| अनार | 200-360 | हिमाचल-कश्मीर | 180 |
| सेब | 100-300 | चायना-कश्मीर | 200 |
| अंगूर | 150-400 | साउथ-अमेरिका | 100-300 |
| कीवी | 45-50 पीस | अमेरिका | 30-40 |
| तरबूज | 40-50 | साउथ | 30-40 |
| नग | 70-120 | अफ्रीका, लोकल | 60-100 |
| पपीता | 40-60 | छत्तीसगढ़ | 40-50 |
| संतरा | 110-400 | थाइलैंड, लोकल | 100-300 |
| मोसम्मी | 60 | हैदराबाद | 50 |
| ड्रेगन फ्रूट | 120 | बंगाल | 100 |
| हरा सेब | 280 | अमरिका | 270 |
| केला | 60-100 | भुसावल | 50-100 |
| अनानास | 60-100 | दिल्ली | 50-90 |
| अमरूद | 60-140 | छत्तीसगढ़ | 50-120 |
| खरबूजा | 160 | यूपी मऊ | 150 |
| आलूबोखारा | 400 | मेरिका | 350 |
| ब्लू बेरी | 400-500 | साउथ | 400-450 |
| सिमरन | 450 | हिमाचल | 400 |
| सरीफा | 120 | छत्तीसगढ़ | 100 |
| नारयल | 35-40 पीस | साउथ | 25-30 |
| आंवला | 80-100 | लोकल | 70-100 |
| पानी फल | 100-120 | यूपी | 80-100 |

### नवरात्र में साग-सब्जियां भी महंगी

**रांची ।** नवरात्र में साग सब्जी महंगी बिक रही है. आम लोगों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है. पूरा बजट गड़बड़ा गया है. जैसे-तैसे घर में सब्जी बन रही है. कम से कम दो सौ रुपये में सुबह शाम की ही सब्जी मिल रही है. किसी भी सब्जी का दाम 50 रुपये से कम नही है.फिलहाल सब्जी चावल से भी ज्यादा महंगी हो गयी है. लहसुन 350 रुपये किलो से कम नही है. पुराना अदरख 220 किलो में बिक रहा है. वही नया अदरख एक सौ में मिल रहा है..शिमला, फरस बीन और फूल गोभी 120 रुपये किलो हो गया है.

राजधानी के डेली मार्केट, कोकर, मोरहाबादी और वेजिटेबल बाजार में लाल आलू , भिंडी, टोंटी, कदू 40 रुपये हैं. टमाटर और पालक साग एक सौ रुपये किलो, प्याज और बैगन 60 रुपये, झिंगी, नया सफेद आलू, गेंधारी साग, नेनुवा औ बंधा गोभी 50 रुपये हैं. सफेद आलू 40 रुपये किलो मिल रहा है. सब्जी विक्रेता परमेश्वर साहु ने बताया कि कदू, बैगन और खीरा रायपुर से आ रहे हैं, वहीं पुणे से शिमला मिर्च आ रहा है. बाकि अन्य सब्जियां बारिश की वजह से महंगी हो गयी हैं. अभी ऐसा ही दो महीना और चलेगा. सब्जी खरीदार नंदकुमार गुप्ता ने कहा कि सुबह शाम में दो सौ रुपये लग जाता है.

| सब्जी | डेली मार्केट | कोकर | मोरहाबादी | वेजिटेबल मार्केट |
|---|---|---|---|---|
| भिंडी | 40 | 60 | 60 | 50 |
| खीरा | 20 | 30 | 40 | 30 |
| मिर्चा | 100 | 100 | 150 | 150 |
| मूली | 50 | 80 | 80 | 50 |
| सीम | 80 | 80 | 140 | 80 |
| धनिया | 300 | 300 | 200 | 220 |

### 56 सेट में दक्षिणेश्वर काली मंदिर में होगा मां का दर्शन

**रांची ।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 56 सेट डोरंडा का पूजा पंडाल दक्षिणेश्वर काली मंदिर के प्रारूप के तौर पर बनाया गया है. रोबिन टेंट हाउस के निर्देशन में बंगाल के कारीगर साज-सज्जा के काम को फाइनल टच देने में लगे हैं. मंदिर के भव्य दरबार में मां अन्य देवी-देवताओं संग विराज रही हैं. शिल्पकार प्रतिमाओं का साज-श्रृंगार कर चुके हैं. मंगलवार की शाम सात बजे पंडाल का अनावरण वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव करेंगे. समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे मौजूद रहेंगे. अध्यक्ष गौतम कुमार दुबे ने बताया कि इस बार समिति अपनी 62वीं वर्षगांठ मना रही है. पंडाल में कलश स्थापित किया गया है. नित्य पूजा-पाठ और आरती की जा रही है.

**विडंबना** — 19 वर्षों के सेवाकाल के बाद भी विभाग की दोहरी नीति के कारण हो रहे कुंठित, अवसाद ग्रस्त

# बीआरपी सीआरपी का न वर्तमान सुरक्षित और न भविष्य

संवाददाता । रांची

सितंबर 2005 एवं अक्टूबर 2005 में बीआरपी सीआरपी की नियुक्ति वर्ष के आधार पर हुई. अधिकतर बीआरपी-सीआरपी का सेवाकाल 19 वर्ष पूरा हो गया. लोहरदगा जिले में बीआरपी सीआरपी की 21 दिसंबर 2024 को 20 वर्ष पूर्ण हो जायेगा. इन 19-20 वर्षों में बीआरपी सीआरपी विभागीय कार्य के अतिरिक्त जनगणना, चुनाव कार्य , कोविड संक्रमण काल में कोरोन्टिन सेंटर ड्यूटी के अतिरिक्त अन्य विभाग के कार्य सम्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे है, किंतु सम्मानजनक मानदेय, आज भी वंचित हैं. उनका न तो वर्तमान सुरक्षित है और न ही भविष्य. काफी संघर्ष के बाद बीआरपी सीआरपी को संविदा नियमावली 2024 जुलाई 2024 में मिली, जिसमे पांच साल के बाद मानदेय बढ़ोतरी केवल सात से आठ हजार रुपए की गई, लेकिन उसे भी प्राप्त इसका कारण सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन की लंबी प्रक्रिया है, जो अभी तक पूर्ण नही हुई है. मतलब मानदेय तो बढ़ा, किंतु प्राप्त नहीं हुआ. वे 2019 में जहां थे, वहीं अभी भी बने हुए हैं. वहीं दूसरी ओर परियोजना में बीआरपी सीआरपी के समकक्ष कार्यरत कर्मी को उच्च वेतन के साथ प्रोजेक्ट अलाउंस, मेडिकल एलाउंस एवं भविष्य निधि कटौती कर रही है, जबकि 20 वर्ष की सेवा के बावजूद बीआरपी सीआरपी को इस सामाजिक सुरक्षा से वंचित रखा जा रहा है. उसपर विभाग, सरकार एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भी मौन साधे हुए है.

बताया गया कि प्रोजेक्ट के सभी कार्यक्रम को धरातल स्तर पर बीआरपी सीआरपी कार्यान्वित करते हैं और प्रोजेक्ट एलाउंस प्रोजेक्ट के मैनेजमेंट हेड के स्टाफ को मिलता है. फील्ड ट्रेवलिंग बीआरपी सीआरपी करें और ट्रेवलिंग एलाउंस मैनेजमेंट हेड स्टाफ को. फील्ड में कार्य करते करते दुर्घटनाग्रस्त एवं बीमार बीआरपी सीआरपी पड़े, लेकिन मेडिकल एलाउंस मैनेजमेंट हेड के स्टाफ को मिलता है. अत्यंत अल्प मानदेय के कारण खस्ताहाल के साथ वर्तमान एवं भविष्य असुरक्षित है, लेकिन भविष्य निधि कटौती प्रोजेक्ट के मैनेजमेंट हेड कर्मी को मिले. अर्थात बीआरपी सीआरपी प्रोजेक्ट में 20 साल की सेवा देने के बावजूद सम्मानजनक मानदेय एवं बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं. विभाग की दोहरी नीति से कुंठित हो रहे हैं. बीआरपी सीआरपी प्रोजेक्ट के मैनेजमेंट हेड के स्टाफ नहीं माने जाते हैं, इसलिए उन्हें कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है.

19 वर्ष पूर्ण होने पर बीआरपी सीआरपी की मन की व्यथा ...